(ख) और (ग) अगस्त, 1990 में सूचना निम्न प्रकार है :—

श्रेणी	खुदरा बिक्री केन्द्रों की संख्या	एल.पी.जी. डिस्ट्रीब्यूटर-शिपों की संख्या
अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति	176	124
शारीरिक रूप से विकलांग	41	46

ऐसे मामले या तो तेल कम्पनियों के पास अथवा तेल चयन बोर्डों के पास प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं ।

देश में पेट्रोल और डीजल की खपत

407. डा० अलरार अहमद : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में पेट्रोल और डीजल की औसत दैनिक खपत क्या है और इन वस्तुओं के घरेलू उत्पादन और आयातित परिमाण का अलग-अलग प्रतिशत क्या है ;

(ख) किन-किन देशों से कितनी-कितनी मात्रा में हमारा देश इस समय पेट्रोल/डीजल का आयात कर रहा है और इस पर कितनी-कितनी विदेशी मुद्रा व्यय की जा रही है ;

(ग) क्या भारत पेट्रोल के उत्पादन में निकट भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकता है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्यप्रकाश मालवीय) : (क) और (ख) अप्रैल-नवम्बर, 1990 के दौरान पैट्रोल की औसत दैनिक खपत 9700 टन रही है । उसी अवधि के दौरान एच.एस.डी. की औसत दैनिक खपत 56700 टन रही है । पैट्रोल की संपूर्ण मांग स्वदेशी उत्पादन से पूरी की जाती है । एच.एस.डी. के मामले में 1990–91 के दौरान कुल खपत का लगभग 20 प्रतिशत आयात द्वारा पूरा किया जाएगा । तथापि यह उल्लेखनीय है कि पेट्रोल डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का देश में उत्पादन हमारी रिफाइनरियों में स्वदेशी तथा आयातित दोनों ही कच्चे तेल को संसाधित करके किया जाता है । पेट्रोलियम उत्पादों का आयात आवधिक संविदाओं और स्थल पर खरीद के द्वारा किया जाता है । स्थल पर खरीद किसी देश विशेष से नहीं की जाती है और इसलिए आयात किए जा रहे उत्पादों की देश-वार मात्रा देना संभव नहीं है ।

(ग) और (घ) इस समय भारत पेट्रोल में आत्म-निर्भर है ।

Expenditure on the training of pilots for Airbus A-320 aircrafts.

408. SHRI S. VIDUTHALI V1RUMBI: SHRI V. G OPALS AMY:

Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) the number of Airbus A-320 aircrafts acquired by Government so far together with the dates of their delivery and amount paid for each aircraft;

(b) the number of pilots trained in France to fly Airbus A-320 befor$_e$ their arrival in India;

(c) how many pilots were trained in the country;

(d) how much amount was spent vor their training abroad and in India;

(e) whether any review was made about the training programme botl* abroad and in India; and